# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांकः के0जी0बी0वी0/चयन/पदस्थापन/संविदा/8645-53/2025–26 दिनांकः 4-2-26

## विज्ञप्ति/सूचना

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0/11308/2022–23 दिनांक 14.02.2023 तथा पत्रांकः के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 के अनुक्रम मे जिलाधिकारी महोदया, बुलन्दशहर के अनुमोदन दिनांक 30.01.2026 के अनुपालन में जनपद बुलन्दशहर में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावासो हेतु संविदा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर केवल महिला अभ्यर्थियो से दिनांक 20.02.2026 की सायं 05.00 बजे तक, पंजीकृत डाक के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , बुलन्दशहर के कार्यालय मे आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आमंत्रित पदों का विवरण निम्नवत है :–

### कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (कक्षा–6 से 08 तक) में रिक्तियों एवं आरक्षित पदों का विवरण।

| क0 सं0 | पद | विषय/योग्यता | मानदेय प्रतिमाह | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनु0 जनजाति | ई0डब्ल्यू0 एस0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 25410 | 3 | 1 | 1 | – | – | 1 |
| 2 | अंशकालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक | 11319 | 3 | 2 | – | – | – | 1 |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि) | 11319 | 2 | 1 | – | – | – | 1 |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका | कला, क्राफ्ट एवं संगीत/गृहशिल्प | 11319 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| 5 | उर्दू शिक्षिका | उर्दू (बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण मे डिग्री या डिप्लोमा) | 15246 | 1 | – | – | 1 | – | – |
| 6 | मुख्य रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण एवं पाक कला मे निपुण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 7970 | 3 | 2 | – | – | – | 1 |
| 7 | सहायक रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण एवं पाक कला मे निपुण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 5978 | 5 | 3 | – | – | – | 2 |
| 8 | चपरासी | कक्षा–8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एव सकामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 6641 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| 9 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एव संकामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 6641 | 2 | 2 | – | – | – | – |
| | | योग – | | 21 | 13 | 1 | 1 | – | 6 |

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 द्वारा उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (कक्षा–9 से 12 तक) में रिक्तियों एवं आरक्षित पदों का विवरण।

| क0सं0 | पद | योग्यता | मानदेय प्रतिमाह | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनु0 जनजाति | ई0डब्ल्यू0एस0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण एव पाक कला मे निपुण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। | 5978 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| 2 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एव संकामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 6641 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| | | योग – | | 2 | 2 | – | – | – | – |

1. उक्त विज्ञप्ति विशेष अनुज्ञा याचिका 13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य मे मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।
2. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।
3. समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 45 वर्ष से अधिक न हो।
4. अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ, संख्याः 1553/68–5–2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020, शासनादेश संख्याः I/570148/2024 File No. 68–5099 /23/2024–5() दिनांक 28.05.2024 एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0/11308/2022–23 दिनांक 14.02.2023 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 में उल्लिखित प्रावधानो के आधार पर नियुक्ति की प्रकिया पूर्ण की जायेगी।
5. उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों (कक्षा–9 से 12 तक) में चपरासी, चौकीदार एवं रसोइया को विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदन हेतु लिफाफे पर आवेदन कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (कक्षा–6 से 08 तक) अथवा उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (कक्षा–9 से 12 तक) के लिए किया गया है स्पष्ट अंकित करना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आवेदन निरस्त माना जायेगा। काउन्सिलिंग एवं सक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**नोटः–** रिक्तियो हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एव आवेदन पत्र को जनपद बुलन्दशहर की वेबसाइट http://bulandshahr.nic.in पर क्लिक, करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के संबध मे किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बुलन्दशहर मे आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### जनपद बुलन्दशहर में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन–पत्र

1. आवेदित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (सही का निशान लगाये)...... (कक्षा–6 से 8) /(कक्षा–9 से 12)
2. आवेदित पद का नाम..................
3. विषय (केवल शिक्षिकाओ हेतु)..................
4. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी मे)..................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरो मे)..................
5. पिता का नाम (हिन्दी मे).................. पति का नाम (हिन्दी मे)..................
6. जन्मतिथि ( हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण–पत्र के अनुसार) तिथि........ माह........ वर्ष........
7. 01 अप्रैल, 2025 को हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण–पत्र के आधार पर आयु.......... दिन.......... माह.......... वर्ष..........
8. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)..................
   (ब) पत्र व्यवहार का पता..................
9. ई–मेल यदि हो.................. मोबाइल नं0..................
10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति,अन्य पिछड़ी जाति, ई0डब्ल्यू0एस0)..................
11. दिव्यागता यदि हो..................
12. अनुभव के0जी0बी0वी0, यदि हो..................
13. अभ्यर्थिनी की शैक्षिक/ प्रशिक्षण योग्यता का विवरणः–

| परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | अनुक्रमांक | विषय | पूर्णांक | प्राप्तॉक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| प्रशिक्षण | | | | | | | |
| उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | | | | | | | |
| अन्य | | | | | | | |

14. सलग्नको का विवरण

| | |
|---|---|
| 1.................. | 6.................. |
| 2.................. | 7.................. |
| 3.................. | 8.................. |
| 4.................. | 9.................. |
| 5.................. | 10.................. |

**घोषणा**

मैं शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर जिला शिक्षा परियोजना समिति को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतान किये गये मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र मे अंकित सूचनाओ से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/ अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है।

अभ्यर्थिनी का पठनीय हस्ताक्षर

(डॉ0 लक्ष्मीकान्त पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बुलन्दशहर।

Scanned with OKEN Scanner

पृ0सं0: के0जी0बी0वी0 / चयन / पदस्थापन / संविदा / 8645-53 / 2025–26 तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया बुलन्दशहर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बुलन्दशहर।
4. समस्त सदस्य, जनपदीय चयन समिति, बुलन्दशहर।
5. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), मेरठ मण्डल, मेरठ।
6. प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बुलन्दशहर।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, बुलन्दशहर।
8. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनपद बुलन्दशहर को विज्ञप्ति व आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति व आवेदन पत्र को जनपद बुलन्दशहर की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. संपादक दैनिक समाचार पत्र "**अमर उजाला**" एवं "दैनिक जागरण" जनपद बुलन्दशहर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति न्यूनतम सरकारी दर पर न्यूनतम साइज में प्रदेश संस्करण में प्रकाशित करते हुए बिल दो प्रतियों में तथा विज्ञापन प्रकाशित होने वाले दिन का समाचार पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बुलन्दशहर।